तापमान
अधिकतम 12.8 डिग्री
न्यूनतम 7.6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

11 सही लेन में वाहन चलाना और गति पर नियंत्रण ...



12 नशा आज समाज की सबसे बड़ी चुनौती ...



## खबर संक्षेप

### शनि मंदिर के पास से मोटर साइकिल चोरी

**महम।** कस्बा महम के भिवानी स्टैंड के स्थित शनि मंदिर के पास से एक मोटर साइकिल चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस को दी शिकायत किशनगढ़ गांव निवासी जयवीर पुत्र जयकरण ने बताया कि गत दिवस उसका भतीजा आशीष पुत्र बलराज उसकी एचएफ डिलक्स मोटर साइकिल लेकर महम के बाजार में आया था। वह मोटर साइकिल को शनि मंदिर के पास खड़ी करके बाजार में चला गया। कुछ देर बाद ही शाम को साढ़े 5 बजे जब वापस आया तो उसे वहां पर मोटर साइकिल नहीं मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोटर साइकिल चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### सांपला: बिजली निगम में लगाया भंडारा



**सांपला।** बिजली वितरण निगम सांपला में मंगलवार को भंडारा लगाया गया। सुबह हवन यज्ञ किया गया। जिसमें एक्सईएन व एसडीओ सहित पूरे स्टाफ सदस्य शामिल हुए। उसके बाद भंडारा लगाया गया, जिसमें कस्बे के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### जिला कारागार में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप

**रोहतक।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय जिला कारागार सेक्टर -5 हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद के तहत लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रोल मॉडल के रूप में डॉ बिन्दु सहायक प्रवक्ता मनोविज्ञान विभाग महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। छात्राओं के साथ संवाद किया और बच्चों को मनोविज्ञान में कैरियर संभावनाए मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

### राजकीय आईटीआई में 8 को रोजगार मेला

**रोहतक।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आठ जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला राजकीय आईटीआई एवं सैनिक परिवार भवन के निकट स्थित कॉम्प्लेक्स, रोहतक में सुबह 10 बजे आयोजित होगा। इस मेले में फरीदाबाद-बल्लभगढ़ की प्रतिष्ठित कंपनी जेसीबी इंडिया लिमिटेड भाग लेगी, जो लगभग 100 बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से आईटीआई रोहतक पहुंच रही है। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 22,050 रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ स्वास्थ्य बीमा, वर्ष में दो बार वर्दी, जूते, रियायती दरों पर भोजन, चाय एवं रिफ्रेशमेंट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### मोबाइल छीनने का तीसरा आरोपी काबू



**रोहतक।** मोबाइल फोन छीनने की एक वारदात में शामिल रहे तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस द्वारा मामले की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं का भी खुलासा किया जा सके। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि जहाजगढ़ जिला झज्जर निवासी सुभाष की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि 20 जून 2025 को वह रेलवे स्टेशन की ओर पैदल जा रहा था।

---

**हाल-ए-पीजीआई : तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री विज के समय तैयार हुई योजना, अब तक अधर में**

*घोषणाओं पर नहीं हो पा रहा अमल, स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही रुकावट*


# कैसे होगा लिवर ट्रांसप्लांट, तीन साल से डॉक्टर ही नहीं मिल रहे

**एक डॉक्टर ने ज्वाइन किया कुछ दिन बाद ही छोड़ गए | मरीजों को चंडीगढ़ और दिल्ली पड़ रहा जाना | ऐसा अंग जो ट्रांसप्लांट के बाद फिर से बन जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तीन साल पहले की गई घोषणा के बाद भी पीजीआईएमएस में लिवर ट्रांसप्लांट होना सपना ही बना हुआ है। यह कार्य शुरू करने के लिए पीजीआई स्तर पर कई बार प्रयास किए गए। एक बार वरिष्ठ चिकित्सक भी मिल गया और भवन तैयार किया गया, लेकिन कुछ माह बाद ही चिकित्सक नौकरी छोड़कर चले गए। इसके बाद नए सिरे से चिकित्सक और स्टाफ की तलाश की जा रही है। ऐसे में लिवर ट्रांसप्लांट के लिए सर्जन नहीं हैं और जरूरतमंद लोगों को इसके लिए चंडीगढ़ और दिल्ली जाना पड़ रहा है। अब पीजीआई को दोबारा उम्मीद है कि इस वर्ष लिवर ट्रांसप्लांट शुरू किया जाएगा।

### दोबारा विज्ञापन हो चुके जारी, नहीं आ रहे हैं डॉक्टर



एक बार पीजीआई को लिवर ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टर मिल गया था। लेकिन कुछ माह के बाद ही डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया और कहीं और ज्वाइन कर लिया। उसके बाद से लेकर अब तक डॉक्टर की ही तलाश चल रही है। पीजीआईएमएस में सर्जरी विभाग, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, मॉड्यूलर ओटी व एक्सपर्ट स्टाफ जैसी सभी सुविधाएं हैं। यहां बस ट्रांसप्लांट के लिए सर्जन नहीं हैं।

### विश्व लिवर दिवस पर योजना का किया था ऐलान

हरियाणा के तत्कालीन स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज ने करीब तीन साल पहले विश्व लिवर दिवस पर यह ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि एक वर्ष के दौरान रोहतक पीजीआईएमएस में लिवर ट्रांसप्लांट की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट की भी घोषणा की थी, जो यहां सफलतापूर्वक की जा रही है।

### पीजीआई चंडीगढ़ में मिल रही सुविधा

रोहतक पीजीआई से पहले चंडीगढ़ की पीजीआई और दिल्ली के एम्स में लिवर ट्रांसप्लांट हो रहे हैं। प्राइवेट अस्पताल में एलबीडी दिल्ली और मेदांता में भी लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा है लेकिन सरकारी संस्थान के मुकाबले प्राइवेट में बहुत खर्च आता है।

### चिकित्सकों की कमी

अभी पीजीआईएमस में लिवर ट्रांसप्लांट शुरू नहीं किया जा सकता। इसके लिए वरिष्ठ चिकित्सकों की कमी है। जब चिकित्सक मिल जाएंगे, तभी यह कार्य शुरू हो पाएगा।
-डॉ वरुण, पीआरओ पीजीआईएमएस रोहतक

### ये दे सकते हैं लिवर

विशेषज्ञों की माने तो रोगी को दो तरह से लिवर दिया जा सकता है। पहला परिवार के किसी सदस्य द्वारा लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट से। दूसरा किसी ऐसे व्यक्ति से जिसका मस्तिष्क मृत (ब्रेन डेड) हो चुका हो, ऑर्थोटॉपिक ट्रांसप्लांट या स्पिलिट डोनेशन द्वारा। इस प्रक्रिया में मृत व्यक्ति के लिवर को दो भागों में बांटकर बड़ा हिस्सा किसी वयस्क व्यक्ति को और छोटा हिस्सा किसी बच्चे को देकर दो जीवन बचाए जा सकते हैं। लिवर निकालने के 6 घंटे के भीतर लिवर ट्रांसप्लांट होना आवश्यक होता है।

### इसलिए महत्वपूर्ण है पीजीआईएमएस

पीजीआईएमएस रोहतक हरियाणा का इकलौता पीजीआई है। जहां यमुनानगर से लेकर सिरसा डबवाली, रेवाड़ी तक दूर दूर के मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं। ऐसे में उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट के लिए दिल्ली और अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए ही सरकार ने पीजीआई में यह योजना शुरू की थी।

### लिवर ट्रांसप्लांट क्या है! कैसे होता है मरीज को ट्रांसप्लांट

लिवर ट्रांसप्लांट एक विकल्प है और लिवर शरीर का एकमात्र ऐसा अंग है जो फिर से बन सकता है। इससे मरीज पूरी तरह से ठीक हो जाता है। लिवर ट्रांसप्लांट में खराब हो चुके लिवर को सर्जरी द्वारा निकाल दिया जाता है। इसके बाद उसके स्थान पर पूर्ण हेल्दी लिवर या हेल्दी लिवर का आधा भाग मरीज को ट्रांसप्लांट कर दिया जाता है।

### किन मरीजों को पड़ती है ट्रांसप्लांट की जरूरत

लिवर शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर के हानिकारक पदार्थों के डी-टॉक्सीफिकेशन के लिए जिम्मेदार होता है। लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता उन मरीजों को होती है, जिनका लिवर खराब हो चुका हो। ज्यादातर लिवर मृत दाताओं से प्राप्त किए जाते हैं। लेकिन एक हेल्दी व्यक्ति भी आधा लिवर दान कर सकता है। चिकित्सकों का कहना है कि हेपेटाइटिस और सोरायसिस के कारण खराब हो चुके लिवर के रोगियों को भी लिवर प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ती है।

---

**गुलाब हत्याकांड मामला**

# एवीटी की यूपी में दबिश, 8वें दिन भी आरोपी पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हसनगढ़ निवासी होटल संचालक गुलाब हत्याकांड में फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इस मामले में एंटी वायलेंस टीम (एवीटी) ने उत्तर प्रदेश के चांदनपुरा गांव में छापेमारी की, लेकिन पुलिस को अभी तक मुख्य आरोपी मगन के दोनों फरार साथियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आठवें दिन भी आरोपी रजत और अभिषेक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे जांच एजेंसियों की चुनौती और बढ़ गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हत्याकांड में मुख्य आरोपी मगन के साथ उसके दोस्त रजत और अभिषेक भी शामिल थे। तीनों ने मिलकर होटल संचालक गुलाब की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल मगन छह दिन के पुलिस रिमांड पर है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है, जबकि उसके दोनों साथी फरार चल रहे हैं।

### ब्लाइंड मर्डर के रूप में दर्ज हुआ था मामला

घटना के बाद मृतक के बेटे देवेंद्र की शिकायत पर थाना सांपला में हत्या का मामला दर्ज किया गया। मौके पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं होने और आरोपियों की पहचान न हो पाने के कारण यह केस पूरी तरह ब्लाइंड मर्डर माना गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ (एसडीएस) को सौंपी गई। एसडीएस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और मानवीय सूचनाओं के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मामले की परतें खोलनी शुरू कीं। हालांकि अभी जांच जारी है और कई खुलासे होने हैं। पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है।

### यूपी में लगातार दबिश, लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली

फरार आरोपियों रजत और अभिषेक की तलाश में पुलिस ने उत्तर प्रदेश में लगातार दबिश दी है। एवीटी की टीम ने चांदनपुरा और आसपास के इलाकों में कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन अब तक दोनों आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। आठवें दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की तलाश में तकनीकी निगरानी के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी सूचनाएं जुटाई जा रही हैं। दोनों आरोपियों के नेटवर्क और संपर्कों की भी जांच की जा रही है। लेकिन अब तक कोई बड़ी कामयाबी हाथ नहीं लग पाई है।

---

# नीरजा कलसन बनीं हाईकोर्ट की जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** जज बनने पर नीरजा कुलवंत कलसन को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिला प्रशासन और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

रोहतक की सेशन जज से हरियाणा हाईकोर्ट की जज बनीं नीरजा कुलवंत कलसन के सम्मान में जिला बार एसोसिएशन की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई भावुक और रोचक पल देखने को मिले, जिनमें सबसे खास रहा एक युवा वकील द्वारा जज के पैर छुकर सुप्रीम कोर्ट का वकील बनने का आशीर्वाद मांगना। सम्मान समारोह में मंच संभालते ही हाईकोर्ट जज नीरजा कुलवंत कलसन भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि वह मंच पर क्या बोलना चाहती थीं, यह भी भूल गई हैं। उन्होंने अपने रोहतक कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि जब उन्हें रोहतक में सेशन जज के रूप में पोस्टिंग मिली थी तो कई लोगों ने रोहतक को लेकर तरह-तरह की बातें कीं।

### बटोरी तालियां

अपने संबोधन के दौरान जज नीरजा कुलवंत कलसन ने वकीलों से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से भी साझा किए। उन्होंने बताया कि एक बार एक वकील कोर्ट में आया और बोला कि आज बहस नहीं हो सकती। जब उनसे पूछा गया कि तारीख तो आपकी ही पसंद की दी गई थी।

# लूट की वारदात का इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लूट की एक सनसनीखेज वारदात में लंबे समय से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी जिला पुलिस द्वारा घोषित इनामी था और साढ़े पांच महीने से गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की गहनता से जांच जारी है। प्रभारी थाना सांपला उप-निरीक्षक पंकज ने बताया कि हसनगढ़ निवासी तरुण की शिकायत के आधार पर थाना सांपला में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि वह दिल्ली में नौकरी करता है और रोजाना ओला इलेक्ट्रिक वाहन से अपने घर से ड्यूटी पर आता-जाता है।

### पिस्तौल के बल पर की वारदात

तरुण 28 जुलाई को अपनी ड्यूटी समाप्त कर वापस घर हसनगढ़ लौट रहा था। तभी युवकों ने पिस्तौल दिखाकर तरुण को डरा-धमकाया और उसका पर्स छीन लिया। पर्स में करीब तीन हजार रुपये नकद और अन्य जरूरी निजी कागजात मौजूद थे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने तरुण का मोबाइल फोन भी छीन लिया और फरार हो गए।

### 5 हजार का इनामी था आरोपी

पुलिस के अनुसार फरार आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर जिला पुलिस द्वारा उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इनाम घोषित होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। 5 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली।

---

# बिजली चोरी पर पुराने शहर और गांवों में बिजली निगम की छापेमारी से हड़कंप

**मीटर की सील तोड़कर और तार में कट लगाकर की जा रही थी बिजली चोरी,**

**चार लोगों पर केस दर्ज, 6 उपभोक्ताओं पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली चोरी के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए हरियाणा बिजली वितरण निगम की टीम ने पुराने शहर क्षेत्र और आसपास के गांवों में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी के गंभीर मामले सामने आए। कहीं मीटर की सील टूटी हुई मिली तो कहीं सीधे तार में कट लगाकर अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने चार उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज करवाया है, वहीं, 6 उपभोक्ताओं पर करीब पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।



### मीटर की सील टूटी

कई उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों की सील टूटी हुई पाई गई। मीटर की सील टूटना सीधे तौर पर छेड़छाड़ और बिजली चोरी की ओर इशारा करता है। कुछ मामलों में मीटर के अंदर तकनीकी छेड़छाड़ भी पाई गई। अधिकारियों ने मौके पर ही मीटरों की वीडियोग्राफी करवाई।

### अचानक कार्रवाई से अफरा-तफरी का माहौल बन गया

बिजली निगम की यह कार्रवाई पूरी तरह से अचानक की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने सुबह के समय पुराने शहर के रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्रों में जांच शुरू की। इसके बाद टीम गांवों की ओर रवाना हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी साथ रहा, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। जैसे ही बिजली निगम की गाड़ियां इलाके में पहुंचीं, कई उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

### कट लगाकर लाइन से ले रहे थे बिजली

छापेमारी के दौरान कुछ स्थानों पर इससे भी गंभीर स्थिति सामने आई। गांवों के कुछ घरों और दुकानों में मुख्य लाइन से सीधे तार जोड़कर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इन मामलों में न तो मीटर लगा हुआ था और न ही किसी प्रकार का वैध कनेक्शन मौजूद था। निगम की टीम ने ऐसे अवैध कनेक्शनों को तुरंत काट दिया और संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की।

### जानबूझकर बिजली चोरी की जा रही

बिजली चोरी के गंभीर मामलों में निगम की ओर से चार उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि इन मामलों में जानबूझकर बिजली चोरी की जा रही थी और निगम को लंबे समय से आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जुर्माना न भरने पर कानूनी कार्रवाई होगी

कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी मामलों को मिलाकर बिजली निगम ने करीब पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। निगम के नियमों के अनुसार बिजली चोरी की मात्रा और अवधि के आधार पर जुर्माने की राशि तय की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जुर्माना न भरने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी से निगम को भारी आर्थिक नुकसान

बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी से न केवल निगम को भारी आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी एक गंभीर अपराध है और इसके खिलाफ निगम की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से दूर रहें।

### आगे भी अभियान जारी रहेगा

निगम अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है। आने वाले दिनों में रोहतक जिले के अन्य क्षेत्रों, कस्बों और गांवों में भी इसी तरह की छापेमारी की जाएगी। खास तौर पर उन इलाकों पर नजर रखी जा रही है, जहां लाइन लॉस अधिक है और बिजली चोरी की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

---

**किसान न हों परेशान: एक लाख 4 हजार हेक्टेयर में गेहूं और सरसों की बुवाई**

# हवा में 80 से 90 फीसदी नमी, बारिश नहीं होने पर भी होगी अच्छी पैदावार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

आमतौर पर दिसंबर-जनवरी में प्रदेश में बरसात हो जाती है। लेकिन इस बार अभी तक नहीं हुई है। बावजूद इसके किसानों को ये चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है कि अगर बारिश नहीं हुई तो गेहूं फसल में नुकसान होगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय हवा में भरपूर नमी है। ये नमी बरसात की भरपाई पूरी तरह से कर रही है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक कहते हैं मंगलवार शाम सात को हवा में 80-90 प्रतिशत तक नमी मौजूद थी और रात में और भी बढ़ती है। डॉ. मलिक ने बताया कि रोहतक जिले में एक लाख 4 हजार हेक्टेयर में गेहूं तथा 6600 हेक्टेयर में सरसों फसल है। अगर रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस कम होता है तो फिर सरसों में नुकसान होगा। उप निदेशक का कहना है कि हवा में नमी की मात्रा 90 प्रतिशत तक है। अगर बरसात न हुई तो भी फसल से पूरी पैदावार होगी। ध्यान रहे कि जनवरी 2025 में औसतन 7 एमएम, 2024 में नहीं, 2023 में 9 मिलीमीटर बारिश में हुई थी। जनवरी 2022 में हुई 47.9 एमएम बारिश ने रबी फसलों को तबाह करके रख दिया था।

### नर्सरी व पौधों को प्लास्टिक या पुआल से ढकें

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फसलों को शीत लहर से बचाने के लिए किसानों को उनकी सिंचाई इस समय करनी चाहिए। जमीन में अगर पूरी नमी होगी तो ठंड का ज्यादा असर फसलों पर नहीं होगा। रुटिन में हल्की सिंचाई करने की सलाह विशेषज्ञों ने किसानों को दी है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने बताया कि फसलों को ठंड से बचाने के लिए नर्सरी व पौधों को प्लास्टिक या पुआल से ढकें। खेतों में उर्वरक न डालें एवं अनावश्यक जुताई से बचें। हवा की गति कम करने के लिए पवन अवरोध/शेल्टर बेल्ट लगाएं। शीत लहर और पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे काली रतुआ (गेहूं, जौ में), सफेद रतुआ (सरसों, मूली, फूलगोभी, ब्रोकली, शलजम, पत्ता गोभी में ), लेट ब्लाइट (आलू, टमाटर में ) लग सकता है। शीत लहर अंकुरण, वृद्धि, फूल आने, उत्पादन तथा भंडारण अवधि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

| जनवरी 2025 | बारिश एमएम में |
|---|---|
| रोहतक | 06 |
| महम | 05 |
| सांपला | 15 |
| कलानौर | 07 |
| लाखनमाजरा | 02 |

### राजस्थान की ओर से आ रहीं हवाएं

बीते 24 घंटे में राजस्थान की ओर की पश्चिमी हवाएं प्रदेश में चल रही हैं। मंगलवार को इनकी गति 10-12 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। जिसमें तापमान में कमी आ रही है। प्रदेश के अधिकतम तापमान में सोमवार की बजाय मंगलवार को औसत 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। जबकि न्यूनतम पारा 0.8 डिग्री सेल्सियस की कमी हुई। आईएमडी के मुताबिक न्यूनतम पारा अब सामान्य है। रात का तापमान और कम होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

---

**सर्दी को लेकर प्रशासन की एडवाइजरी**

# कड़कड़ाती ठंड में सफर से बचें और सावधान रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डीसी सचिन गुप्ता।

कड़ाके की ठंड को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 3.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान लुढ़ककर 12.8 डिग्री पर आ गया। ठंड को लेकर प्रशासन अलर्ट है। शीत लहर से कैसे बचाव को लेकर नागरिकों से अत्यधिक सतर्कता बरतने का आह्वान किया है। हिदायतों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। एडवाइजरी में कहा गया कि शीतलहर के बारे में रेडियो, टीवी व समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें। शीत लहर के दौरान पर्याप्त गर्म कपड़ों की व्यवस्था करें, ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। ठंड के कारण होने वाली बीमारियों जैसे जुकाम, बुखार, नाक से खून आना आदि लक्षणों पर चिकित्सक से परामर्श लें। शीत लहर के दौरान मौसम संबंधी सलाह का पालन करें और अनावश्यक यात्रा से बचें। घर के अंदर रहें, स्वयं को सूखा रखें।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style


# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



## हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयिा सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



### ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

*लॉस एंजिल्स। ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



## 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

## नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

## ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भिवानी स्टैंड पर नहीं है बस क्यू शेल्टर, परेशानी

**महम।** कस्बा महम के अति व्यस्त भिवानी स्टैंड के पास दिनभर यात्रियों का आवागमन रहता है। लेकिन विडंबना यह है कि अब तक यहां पर बस क्यू शेल्टर की सुविधा नहीं है। भिवानी, गोहाना, लाखन माजरा, निंदाना, बैंसी, गुगाहेड़ी, खरक जाटान, खेड़ी महम, सीसर खास, चांग, बडेसरा, भिवानी, भैणीचंद्रपाल और जुलाना जाने वाले यात्री यहीं पर बसों का इंतजार करते हैं। कई बार लंबे समय तक उन्हें वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। अब कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड में यात्रियों के बैठने के लिए कोई बस क्यू शेल्टर की सुविधा नहीं है। बस क्यू शेल्टर न होने की वजह से यात्री बारिश के मौसम में भी सड़क पर ही भीगते रहते हैं या फिर उन्हें दुकानों में आश्रय लेना पड़ता है।

### क्लब अंसेबली समारोह में कई मुद्दों पर चर्चा

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित दिल्ली बाईपास पर स्थित एक होटल में तीसरी क्लब अंसेबली समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब के प्रधान विजय तायल व मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, सचिव नीतिन तायल ने की। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि राजेश जैन, क्लब के प्रधान विजय तायल, सचिव नीतिन तायल, सीए सुशील जैन, एसिसटैंट गवर्नर विनोद कुमार जैन, अजित पाल सिंह, नरेश जैन, विनय गोयल, सुभाष तायल, राजीव जैन ने गणेश के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अंसेबली समारोह का शुभारंभ किया।

### यूनियन ने कुलपति को किया सम्मानित

**रोहतक।** एमडीयू के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह से उनके ऑफिस में शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर यूनियन के प्रधान सुरेश कौशिक एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा कुलपति को विश्वविद्यालय के 7 साल के सफल कार्यकाल को पूरा करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गैर शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय की नींव होते हैं। उन्होंने कर्मियों से अपने कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने की बात कही और कहा कि एमडीयू प्रशासन कर्मियों की सभी जायज मांगों और कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति ने कहा कि हम सबको विश्वविद्यालय के हित में एक टीम की तरह काम करना चाहिए।

### राजकीय महिला कॉलेज लाखनमाजरा में छात्राओं को यातायात के नियम बताएं

# सही लेन में वाहन चलाना और गति पर नियंत्रण जीवन के लिए जरूरी : जसबीर

- ***शराब पीकर गाड़ी चलाना अनचाही मौत को बुलाना***
- ***यातायात के नियमों का पालन करते हुए ही चलाएं वाहन***

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर मिलने वाली प्राथमिक चिकित्सा उसकी जान बचा सकती है। कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार की मूल बातें भी साझा कीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

यातायात पुलिस द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी, विशेषकर छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों की महत्ता और दुर्घटनाओं से बचाव के तरीकों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक जसबीर, वरिष्ठ उप-निरीक्षक राजेश तथा अन्य यातायात पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

यातायात पुलिस टीम ने छात्राओं को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात प्रभारी जसबीर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन, युवा पीढ़ी और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग ट्रैफिक चालान से बचने के लिए नियमों का पालन करते हैं, जबकि वास्तव में यातायात नियम हमारी अपनी सुरक्षा और दूसरों की जान बचाने के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### वाहन की गति और लेन अनुशासन पर दिया जोर




यातायात प्रभारी जसबीर ने बताया कि वाहन चालक को हमेशा अपनी गाड़ी सही लेन में चलानी चाहिए। गलत लेन में चलने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वाहन की गति पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी है, खासतौर पर शहरी और रिहायशी इलाकों में। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने से न केवल चालक सुरक्षित रहता है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोग भी सुरक्षित रहते हैं।

#### हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य




कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उप-निरीक्षक राजेश ने छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। यह छोटे-छोटे सुरक्षा उपाय किसी भी दुर्घटना में जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल न करें, साथ ही उन्होंने वाहन की गति पर नियंत्रण रखने और निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने की सलाह दी।

#### इंडिकेटर का सही उपयोग जरूरी



स.उप.नि. राजेश ने छात्राओं को बताया कि वाहन को सदैव लेन मार्किंग के अंदर ही चलाना चाहिए, न कि मार्किंग के ऊपर। वाहन मोड़ने या लेन बदलने से पहले हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें, ताकि पीछे और आसपास चल रहे वाहन चालकों को समय रहते संकेत मिल सके। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल पर लाल बत्ती होने पर वाहन को अवश्य रोकें और सड़क पर बनी स्टॉप लाइन से पहले ही वाहन रोकना चाहिए। हरी बत्ती होने पर ही आगे बढ़ें या बाएं ओर मुड़ें।

#### छात्रों पटाखा बुलेट से बचने की दी सलाह



यातायात पुलिस ने छात्राओं को ब्लाइंड स्पॉट्स के बारे में भी जागरूक किया और बताया कि वाहन चलाते समय इन स्थानों पर विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावा अनाधिकृत स्थानों पर वाहन पार्क न करने और निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने युवाओं से अपील की कि पटाखा बुलेट जैसी खतरनाक आदतों से दूर रहें।



## एनएसएस शिविर में छात्रों को पढ़ाया राष्ट्र सेवा का पाठ

- जॉन वेस्ले कॉन्वेंट 6 से 12 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट 6 से 12 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक, खेलकूद एवं जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ एनएसएस क्लैप के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्य "नॉट मी बट यू" पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत कृष्णा द्वारा योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी गई। खेल गतिविधियों के अंतर्गत कोच संदीप राठी के निर्देशन में लड़कों के लिए वॉलीबॉल और लड़कियों के लिए बास्केटबॉल मैच आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल संरक्षण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही रीसाइक्लिंग से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। एनएसएस शिविर का पहला दिन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। आगामी दिनों में भी सामाजिक सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मशेंका सहित सुमित, सुरेखा, कृष्णा, संदीप आदि रहे।



रोहतक। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देते डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत सहित विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

## एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के सात वर्ष पूर्ण, शिक्षकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के सफल सात वर्ष के सेवाकाल पूर्ण होने पर मंगलवार को कुलपति कार्यालय में आयोजित विशेष बैठक में विवि के शिक्षकों ने कुलपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत सहित विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए एमडीयू की विकास यात्रा में निरंतर सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने नए सेमेस्टर में शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कक्षाओं के सुचारू आयोजन, मेंटर-मेंटी बैठकों के नियमित संचालन तथा विद्यार्थियों की कैपेसिटी बिल्डिंग पर विशेष फोकस करने की आवश्यकता बताई। कुलपति ने विद्यार्थियों को क्लब गतिविधियों, सामाजिक सहभागिता तथा स्किल एन्हांसमेंट इंसेंटिव स्कीम से जोड़ने पर बल दिया, ताकि उनमें सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावहारिक कौशल का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक विवि की रीढ़ हैं और उनके समर्पण से ही एमडीयू निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बैठक में शिक्षकों ने कुलपति के नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प दोहराया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में इनेलो के युवा नेता एंव रानिया से विधायक अर्जुन चौटाला को सम्मानित करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने भाजपा पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

इनेलो के युवा नेता एंव रानिया से विधायक अर्जुन चौटाला ने आरोप लगाया कि जिस तरह से कांग्रेस ने जमकर भ्रष्टाचार किया है, उसी नक्शे कदम पर भाजपा चल रही है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस ने किसानों की जमीनों को कोडियों के भाव खरीद कर पूंजीपतियों को महंगे दामों पर बेचा, अब अवैध कालोनियां काट कर चांदी कूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार बनते ही सबसे पहले कांग्रेस व भाजपा द्वारा किए गए भ्रष्टाचारों की जांच होगी सब पर कारवाई होगी। इनेलो के विधायक अर्जुन चौटाला मंगलवार को गांव गिझी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा इवेंट मैनेजमेंट की सरकार है। इस अवसर पर अरविंद गोस्वामी, इन्द्र सिंह ढुल, कृष्ण कौशिक, सतीश नांदल रिठाल, मंजीत कन्हेली, बल्लू प्रधान, बिजेन्द्र सरपंच, डॉ. राजपाल देशवाल, दलबीर राणा, मुकुल भारद्वाज, रामकिशन मलिक रहे।

## बाबा लक्ष्मण पुरी की 31वीं पुण्यतिथि पर गोकर्ण धाम में कार्यक्रम कल से



रोहतक। गोकर्ण डेरे पर जलती आकर्षक लाइट। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

रोहतक। गोकर्ण धाम स्थित बाबा लक्ष्मण पुरी डेरे में बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज की 31वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 8 व 9 जनवरी को दो दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। धाम के पीठाधीश्वर उप आचार्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जनवरी को रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें वृंदावन-बरसाना से बृजरस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा (पूनम दीदी) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

9 जनवरी को 31वां विशाल भंडारा लगाया जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर और नेत्र जांच शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में लुधियाना, उत्तराखंड, बिहार, जालंधर, मुंबई, राजस्थान, सूरत और झारखंड सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचेंगे। जूना अखाड़ा सहित सभी अखाड़ों के अनेक साधु-संत भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस आयोजन में कई सामाजिक संगठन भी सहयोग प्रदान करेंगे।

## गोयल क्रिकेट क्लब ने सचदेवा क्रिकेट अकादमी को 240 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए 29वें ऑल इंडिया वीएआर स्पोर्ट्स अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में मंगलवार को गोयल क्रिकेट क्लब ने सचदेवा क्रिकेट अकादमी को 240 रन के विशाल अंतर से हराकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे एकतरफा मुकाबला अपने नाम किया। क्लब ने बल्लेबाजी और गेंदबाज़ी दोनों में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। टॉस जीतकर अकादमी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लेकिन यह निर्णय उनके लिए भारी पड़ गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्लब ने निर्धारित 40 ओवरों में केवल 3 विकेट के नुकसान पर 340 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से यशनील ने ऐतिहासिक और विस्फोटक पारी खेलते हुए 109 गेंद पर नाबाद 208 रन बनाए। उनकी इस शानदार पारी में 26 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। यशनील ने पूरे मैदान में बेहतरीन शॉट्स लगाए और गेंदबाज़ों को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया।

## गोयल और संगम क्लब ने जीते अपने मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

यार्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए गोयल विंटर कप अंडर-13 के लीग मुकाबले में मंगलवार को शिव संगम क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शाइन क्रिकेट अकादमी को 240 रन के बड़े अंतर से पराजित किया। इसी प्रकार विश्वकर्मा संस्थान के मैदान पर हुए मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने सचदेवा क्रिकेट अकादमी को 240 रनों से हराया। टॉस जीतकर शाइन क्रिकेट अकादमी ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। लेकिन यह निर्णय उनके पक्ष में नहीं रहा।



पहले बल्लेबाजी करते हुए संगम क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 321 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कप्तान रविश दलाल ने मात्र 90 गेंदों पर 166 रन बनाए। उनकी इस शानदार पारी में 27 चौके शामिल रहे। विकेटकीपर बल्लेबाज़ हेरिस ने 44 गेंदों पर 40 रन बनाए। जबकि स्वास्तिक डांगी ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंद पर 20 रन जोड़कर टीम के स्कोर को और मजबूत किया। अंत में कल्पेश दलाल और दुर्गेश नाबाद रहे। और टीम को 321 रन तक पहुंचाया। शाइन अकादमी की ओर से गेंदबाजी में नैतिक ने 4, अंश चौहान ने 3 और निखिल ने 1 विकेट लिए।



## औलिया दिवस परऑनलाइन सूफी दरबार एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ से की सौहार्दपूर्ण भेंट

**रोहतक।** समर्थगुरु देव सिद्धार्थ औलिया ने औलिया दिवस के पावन अवसर पर सभी साधकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2013 को सूफी बाबा शाह कलंदर द्वारा उन्हें सूफी परंपरा का "औलिया" घोषित किया गया था, जो केवल उनका ही नहीं, बल्कि संपूर्ण ओशोधारा के लिए गौरव का विषय है। औलिया का अर्थ ब्रह्मनिष्ठ संत होता है, जो अल्लाह का करीबी मित्र होता है और जिसका प्रत्येक कर्म ईश्वर की खिदमत में समर्पित होता है। इस अवसर पर एक ऑनलाइन सूफी दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से 300 से अधिक साधकों ने सहभागिता की। साधकों ने शाक्तिपात का अनुभव किया, नकारात्मक ऊर्जा का विसर्जन किया तथा सकारात्मक चेतना से स्वयं को ओतप्रोत किया। समर्थ गुरुदेव ने इस अवसर पर विश्व शांति, सद्भाव एवं मानव कल्याण की कामना की।

इसी क्रम में समर्थगुरु देव की असीम कृपा से कल रात्रि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री से एक सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी भेंट भी संपन्न हुई। यह संवाद अत्यंत सकारात्मक वातावरण में हुआ, जिसमें सनातन धर्म की स्थापना, ध्यानाचार्य की समाज में भूमिका तथा ध्यान के माध्यम से सामाजिक चेतना के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई।

**नगर निगम रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के पुरानी प्रोपर्टी सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. IHFIG938 पुरानी प्रॉपर्टी आई.डी. नं. 102C247U149 वार्ड नं./पता Shastri Nagar Bastipura Arya Nagar पुराने एन.डी.सी. रिकार्ड में Shankutla W/o Jagdishlal व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में Shankuntla नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिसका नाम Jagdish Lal Husband and Akanksha Sharma D/o Jagdish Lal के द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
हस्ता/- क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, रोहतक

### आईएसएलआरटीसी के विद्यार्थियों ने किया एमडीयू का भ्रमण

# इंडियन साइन लैंग्वेज में दी करियर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज में बुधवार को इंडियन साइन लेंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (आइएसएलआरटीसी) के विद्यार्थियों का शैक्षणिक फील्ड विजिट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनके साथ धारणा एवं निर्भय प्रताप शिक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

सीडीएस विभाग में विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया, जिसके पश्चात सीडीएस एवं



आइएसएलआरटीसी के विद्यार्थियों के मध्य एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीएस की निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रतिमा देवी एवं अतिरिक्त निदेशक प्रो. योगेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सतत परिश्रम एवं लक्ष्य-निर्धारण के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भ्रमण किया। यहां स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विश्वविद्यालय की खेल सुविधाओं, संसाधनों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए इंडोर हॉल एवं सिंथेटिक स्टेडियम सहित पूरे परिसर का अवलोकन कराया। इसके बाद टैगोर ऑडिटोरियम का भ्रमण कराया गया, जहां ऑडिटोरियम की संरचना एवं उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।फील्ड विजिट के अंतर्गत विद्यार्थियों ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय का भी दौरा किया, जहां डॉ. सपना गर्ग (डीन, डीएसडब्ल्यू) ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए इंडियन साइन लैंग्वेज के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं, करियर अवसरों एवं लक्ष्य निर्धारण पर प्रेरक विचार साझा किए।

#### विवि के टीवी एवं रेडियो स्टेशन को भी देखा

फील्ड विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के टीवी एवं रेडियो स्टेशन का भ्रमण किया, जहां डॉ. नवीन ने टीवी-रेडियो की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं साइन लैब से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इसके उपरांत विश्वविद्यालय पुस्तकालय में डॉ. सीमा ने पुस्तकों के वर्गीकरण, आधुनिक सुविधाओं एवं शैक्षणिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने डैफेटेरिया का भी दौरा किया, जहां आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने इसकी स्थापना, उद्देश्य एवं उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डाला।



## खबर संक्षेप



### पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीइटी अनिवार्यता से छूट देने की मांग की। संगठन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय से हजारों वरिष्ठ शिक्षक नौकरी व पदोन्नति संकट में हैं। पूर्व प्रभाव से नियम लागू होने से मानसिक तनाव बढ़ा है और स्कूलों में शिक्षक कमी की आशंका है। आरटीई अधिनियम की धारा 23 में संशोधन की मांग की गई।

### 40 छात्रों को स्कॉलरशिप अवार्ड दिए जाएंगेः चौहान

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रोहतक के डीन डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी छात्रों को आज जानकारी प्रदान की गई है कि शर्मन फाउंडेशन 40 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप अवार्ड देना चाहती है। डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि शर्मन फाउंडेशन की स्कॉलरशिप पीजीआईएमएस में शिक्षा की लागत को कवर करेगी। स्कॉलरशिप की राशि 50,000 रुपये प्रति वर्ष होगी।



डीन डॉ. अशोक चौहान

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सम्मेलन 22-23 फरवरी को

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला रोहतक की बैठक कर्मचारी भवन में आयोजित की अध्यक्षता जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने की तथा मीटिंग में जिला के तमाम पदाद्यिकारियों ने भाग लिया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्स फैडरेशन का दूसरा अखिल भारतीय प्रतिनिधि सम्मेलन जो 22-23 फरवरी को कुरूक्षेत्र में आयोजन होगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 20 राज्यों से 25 पैंशनर्स संगठन भाग लेगें। जगपाल ने बताया कि मीटिंग में मुख्य तौर से राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, राज्य महासचिव रतन जिंदल उपस्थित थे।

## नशा मुक्त भारत-नशा मुक्त हरियाणा अभियान को लेकर पुलिस ने निकाली जन जागरूकता पदयात्रा

# नशा आज समाज की सबसे बड़ी चुनौती यह युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने और युवाओं को इस सामाजिक बुराई से दूर रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत-नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत विशेष जनजागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना रहा। पदयात्रा का आयोजन उप-निरीक्षक अमर कटारिया के नेतृत्व में नशा मुक्त अभियान टीम द्वारा किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ प्रभारी महिला पुलिस थाना मीना ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर रोहतक पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी और नशा मुक्त अभियान से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




**आंबेडकर चौक से पुलिस लाइन तक निकली पदयात्रा**

**युवा रहें अलर्ट, वरना परिवार हो जाएंगे बर्बाद**

### नशे से होने वाले नुकसान बारे में बताया

जनजागरूकता पदयात्रा अंबेडकर चौक से शुरू होकर छोटूराम चौक, झज्जर रोड, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, किला रोड होते हुए सुभाष रोड से पुलिस लाइन रोहतक तक निकाली गई। पदयात्रा के दौरान पुलिस कर्मियों ने हाथों में जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लेकर आमजन को नशे के खिलाफ संदेश दिया। रास्ते में लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पुलिस टीम ने रुककर लोगों से संवाद किया और खासतौर पर युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि परिवार की खुशहाली और समाज की शांति को भी प्रभावित करता है।

### नशा युवाओं के भविष्य के लिए खतराः अमर

पदयात्रा के दौरान उप-निरीक्षक अमर कटारिया ने कहा कि नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बन चुका है। इसकी सबसे बड़ी मार युवा पीढ़ी पर पड़ रही है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से न केवल व्यक्ति अपराध की ओर बढ़ता है, बल्कि उसका पूरा परिवार भी मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों से घिर जाता है। उन्होंने बताया कि रोहतक पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। ऐसे अभियानों का उद्देश्य केवल कानून का डर दिखाना नहीं, बल्कि लोगों को स्वयं नशे के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करना है।

### मुहिम में पुलिस का सहयोग करें : थाना प्रभारी

प्रभारी महिला पुलिस थाना मीना ने पदयात्रा के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि नशे की वजह से घरेलू हिंसा, अपराध, बेरोजगारी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें। यदि कहीं भी नशा तस्करी या नशे से जुड़ी गतिविधियां दिखाई दें, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### जन भागीदारी से ही सफल होगा अभियान

पुलिस ने इस अवसर पर आमजन से अपील की कि नशे के खिलाफ लड़ाई में जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि केवल पुलिस या प्रशासन के प्रयासों से समाज को नशा मुक्त नहीं बनाया जा सकता, इसके लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। पदयात्रा के दौरान कई स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। लोगों का कहना था कि इस तरह की पदयात्राएं और जागरूकता अभियान युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

### नशा मुक्त भविष्य की ओर कदम

पुलिस की यह जनजागरूकता पदयात्रा नशा मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि हर वर्ग तक नशे के खिलाफ संदेश पहुंचाया जा सके।

# शहर में विकास कार्यों की हकीकत परखने फिल्ड में उतरे निगम आयुक्त

## सेक्टर-4, कमला नगर, शुगरमिल कॉलोनी और बोहर स्टेडियम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए मंगलवार को शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-4, कमला नगर, शुगरमिल कॉलोनी तथा बोहर स्टेडियम क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करवाना रहा।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त ने सड़कों की वर्तमान स्थिति, गलियों के निर्माण कार्य, जल निकासी व्यवस्था, सीवरेज तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली और मौके पर मौजूद ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कई स्थानों पर उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की स्वयं जांच की और कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। शहर का समग्र विकास नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विकास कार्यों का तय समय सीमा में पूरा होना बेहद जरूरी है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नागरिकों को बेहतर और टिकाऊ सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम का दायित्व है। निगम क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और उन्हें निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा किया जाए। सभी कार्य गुणवत्ता मानकों और तकनीकी मापदंडों के अनुरूप ही किए जाएं।



**रोहतक।** कार्यों का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा।

### विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए

निरीक्षण के दौरान डॉ शर्मा ने यह भी निर्देश दिए कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि यदि किसी कार्य में मानकों का उल्लंघन पाया गया तो जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण अभियान के दौरान कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, नगर अभियंता मंदीप व शांत सुहाग, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़, विशाल खेड़ा, विक्रम गिल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त के इस सक्रिय निरीक्षण से विकास कार्यों में तेजी आने और गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## मेहनती सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

# लापरवाही पर कार्रवाई और गंदगी फैलाने वालों के चालान के निर्देश

**सफाई व्यवस्था पर रही सख्त नजर प्रमुख बाजारों व चौकों का निरीक्षण**

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण अभियान के तहत रेलवे रोड, किला रोड, शांति माई चौक, पालिका बाजार, छोटूराम चौक, अम्बेडकर चौक, सुभाष चौक, अशोका चौक, बजरंग भवन, डी-पार्क, मेडिकल मोड़, पावर हाउस तथा जाट कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का विस्तार से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त ने सड़कों, बाजारों और चौकों पर साफ-सफाई की स्थिति को परखा और संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही फीडबैक लिया। कई स्थानों पर उन्होंने कूड़ा उठान की प्रक्रिया, डोर-टू-डोर कलेक्शन और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मेहनत और ईमानदारी से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों को जैकेट भेंट कर सम्मानित भी किया।

### शिकायतों पर तुरंत होगा समाधान

नगर निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों के चालान किए जाएंगे और सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। शहर के सभी वार्डों में हर घर, दुकान और संस्थान से कूड़े का नियमित उठान किया जा रहा है। साथ ही सफाई से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एजेंसी द्वारा विशेष टीम भी गठित की गई है। यदि किसी घर, दुकान या संस्थान से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है तो नागरिक 7303050200 या 7303050800 नंबरों पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, जिसका तुरंत समाधान किया



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए लाखनमाजरा के नायब तहसीलदार को मांगपत्र सौंपते खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## नायब तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

# मांगों को लेकर बीडीपीओ कार्यालय लाखनमाजरा में श्रमिकों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठनों के देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को लाखनमाजरा क्षेत्र के श्रमिकों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। धरने के बाद संगठन पदाधिकारियों ने लाखनमाजरा के नायब तहसीलदार को मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र में कामरेड रामचंद्र बैंसी,कामरेड सतबीर सिंह, प्रकाश चंद्र, राजेश खरेंटी, नवीन कुमार, दिलबाग सिंह, सुनील कुमार चिड़ी, संतरा, राजवंती ने बताया है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को समृद्ध करने की बजाय विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजविका मिशन ग्रामीण को लाकर मांग आधारित सार्वभौमिक मनरेगा को खत्म कर दिया है। इसी तरह श्रमिकों के हित की 44 श्रम संहिताओं को बदलकर 4 श्रम कोड लागू करके मजदूरों के साथ बड़ा धोखा किया गया है। इससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा।

**4 श्रम कोड लागू करके मजदूरों के साथ बड़ा धोखा : राजवंती**

### अरावली पहाड़ियों को खत्म करने पर तुले

इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष मास्टर बलवान सिंह ने कहा कि बिजली बिल 2025,सीड(बीज) बिल, भूमि अधिग्रहण व विस्थापन से एक तो गरीब लोगों पर मार पड़ेगी तथा असमानता और बढ़ेगी। इतना ही नहीं अब केंद्र सरकार कारपोरेट/पूंजीपतियों के मुनाफे के हित में अरावली पहाड़ियों को खत्म करने पर तुली है। जिसका पर्यावरणीय नुकसान काफी गहरा होगा। इसके बावजूद केंद्र सरकार अरावली को नष्ट करने पर अड़ी हुई है। मनरेगा को समृद्ध करते हुए 200 दिन काम व 600 रुपए दिहाड़ी देने, श्रमिक विरोधी नए श्रम कोड रद्द करने व पुराने श्रम कानूनों को बहाल करने, बिजली बिल2025 , बीज बिल,विस्थापन व जबरन भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने तथा अरावली पहड़ियों को बचाने व पर्यावरण को संरक्षित करने की मांग ज्ञापन में की गई है।

## बिना डिग्री और बगैर लाइसेंस के डॉक्टर बन बैठे लोगों पर गिरेगी गाज : एसडीएम

**महम।** महम शहर में बिना डिग्री और बगैर लाइसेंस के मरीजों का इलाज करने वाले नकली डॉक्टरों पर अब गाज गिरने वाली है। क्योंकि एसडीएम विपिन कुमार ने ऐसा अवैध कारोबार करने वाले लोगों की जांच के लिए एक कमेटी गठित करने के आदेश दे दिए हैं। एसडीएम विपिन कुमार ने कहा है कि लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी जो बिना डिग्री, डिप्लोमा और बिना लाइसेंस के मरीजों का उपचार कर रहे हैं। क्योंकि बिना ट्रेंनिंग लिए किसी को दवा देना जानलेवा साबित हो सकता है। जानकारी के अभाव में दी गई दवा रिएक्शन कर सकती है। एसडीएम ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि महम में जगह जगह अवैध रूप से नीम हकीम लोगों का उपचार कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से ऐसे लोगों की महम में बाढ़ सी आ गई है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## हरियाणा की पहली भारत माता की प्रतिमा आज प्राचीन शिव मंदिर में होगी स्थापित

**रोहतक।** प्राचीन शिव मंदिर में नीलकंठ समाज सेवा ट्रस्ट की तरफ से भारत माता की प्रतिमा का लोकार्पण कार्यक्रम 7 जनवरी को किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार शिरकत करेंगे। शिव मंदिर नीलकंठ समाज सेवा ट्रस्ट के प्रधान राजकमल सहगल ने मंगलवार को बताया कि हरियाणा की पहली भारत माता की प्रतिमा को शिव मंदिर में स्थापित किया जाएगा। भारत माता की प्रतिमा को स्थापित करने के पीछे का उद्देश्य यही है कि लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत हो। युवाओं को हिंदु धर्म के बारे में पता चले। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने बताया कि भारत माता की प्रतिमा को जयपुर में बनवाया गया है। प्रतिमा का स्वरूप काफी अनोखा रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा मंदिर में पहुंच चुकी है जिसका लोकार्पण करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने बताया इस मौके पर लोगों को देशभक्ति और सनातनी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में पहली भारत माता की मूर्ति रोहतक में स्थापित की जा रही है। मूर्ति स्थापित करने से पहले हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि इंद्रेश कुमार भी शामिल होंगे।



प्रधान राजकमल सहगल।

- आरएसएस के इंद्रेश कुमार करेंगे लोकार्पण
- जयपुर में बनवाई गई है प्रतिमा

## कॉन्सेप्ट लर्निंग एवं क्रिएटिव टीचिंग विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र

# शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को आदर्श विद्यालय मदीना में दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

शिक्षकों को ट्रेनिंग देने के लिए आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में एक ट्रेनिंग कैंप लगाया गया। इस कैंप में शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं अवधारणात्मक बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। कॉन्सेप्ट लर्निंग एवं क्रिएटिव टीचिंग विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों को विज्ञान विषय को कॉन्सेप्ट के आधार पर पढ़ाने, जटिल विषयों को सरल उदाहरणों, गतिविधियों, प्रयोगों एवं नवाचारपूर्ण तरीकों से समझाने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। सत्र के दौरान यह बताया गया कि रचनात्मक शिक्षण पद्धति अपनाकर किस प्रकार विद्यार्थियों में तार्किक सोच, जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है।



**महम।** आदर्श स्कूल मदीना में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने पहुंचे शिक्षक।

### सीखने के नए तरीके समझे

प्रशिक्षण में सहभागिता करने वाले शिक्षकों ने मॉडल, शिक्षण अधिगम सामग्री, गतिविधि आधारित शिक्षण एवं दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से सीखने के नए तरीके समझे। प्रशिक्षक रीति मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि अवधारणा आधारित शिक्षण से विद्यार्थी विषय को गहराई से समझते हैं और सीखना स्थायी बनता है।

## एयरलाइनर की रोमांचक जीत में चमके मयंक मलिक

**रोहतक।** बुधराम राजपूत स्मृति सोसाइटी द्वारा आयोजित चौथी मास्टर पूर्णमल स्मृति अंडर-19 क्रिकेट लीग 2026 में आज कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी और एयरलाइनर क्रिकेट अकादमी दिल्ली के बीच भिंडत हुई। जिसमे टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुरुक्षेत्र ने अजय संधू के 59 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 48, केशव के 83 गेंदों पर 9 चौकों और 9 छक्को के साथ नाबाद 127 और करण के 37 रनों की मदद से 40 ओवरों में 8 विकेट खोकर 290 रनों का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली के लिए मोहीन मलीक ने 7 ओवर मे 49 रन देकर 3 विकेट और तेजस सिंह चड्ढा और योजित शर्मा ने 2-2 विकेट झटके, जवाब में 291 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एयरलाइनर दिल्ली ने मयंक मलिक के 8 चौके और 5 छक्के के साथ से 70 गेंदों पर ताबड़तोड़ 88, मोहम्मद शारीब के 54 गेंदों पर 10 चौकों के साथ 59 रन और उदय नेगी के 29 गेंदों 1 चौके और 3 छक्कों पर 40 रनों की बदौलत एक गेंद शेष रहते 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर 1 विकट से जीत दर्ज की।

**बैठक** लघु सचिवालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग की मासिक बैठक में बोले डीसी

# प्राथमिक शिक्षा में मार्च तक पूर्ण निपुण होगा जिला और बच्चे पढ़ाई में बनेंगे दक्ष

**अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करके गति बनाए रखने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बुनियादी साक्षरता एवं समग्र शिक्षा सुधार पर विशेष जोर देते कहा कि रोहतक जिला आगामी मार्च तक प्राथमिक शिक्षा में 100 प्रतिशत निपुण दर्जा हासिल करेगा। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला स्तरीय प्रमुख पहल पढ़े रोहतक-लिखे रोहतक की प्रगति की समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन मोड में कार्य करते हुए गति बनाए रखें, ताकि कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चे आयु के अनुरूप पठन, लेखन एवं बुनियादी गणितीय दक्षता प्राप्त कर सकें।




**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग की मासिक बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### 100% विद्यार्थी उपस्थिति सुनिश्चित करें

डीसी ने कहा कि आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की रीढ़ है और रोहतक की यह पहल शिक्षा सुधार का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभर रही है। कहा कि गत एक माह के दौरान 1014 विद्यार्थियों ने निर्धारित समय-सीमा में दक्षता के एक स्तर से अगले उच्च स्तर तक प्रगति करते निपुण मानकों को प्राप्त किया है। 1888 विद्यार्थी वर्तमान में केंद्रित सुधारात्मक शिक्षण के अंतर्गत हैं और अगले चरण में उनकी दक्षता में अपेक्षित सुधार होने की संभावना है। उन्होंने कक्षाओं में 100 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि नियमित उपस्थिति से ही सीखने के परिणामों में तेजी लाई जा सकती है।

**40 मिनट का विशेष शिक्षण समय तय**

सचिन गुप्ता ने कहा कि जीरो पीरियड पहल के अंतर्गत सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिदिन 40 मिनट का विशेष शिक्षण समय निर्धारित किया गया है, जिसमें केवल पठन दक्षता और संख्यात्मक कौशल पर ध्यान दिया जाता है। इसकी प्रभावशीलता को देखते हुए अब रोहतक का यह मॉडल पूरे राज्य में लागू किया गया है। प्रत्येक बच्चे की शैक्षणिक प्रगति की निगरानी डिजिटल स्किल पासबुक के माध्यम से की जा रही है, जिससे समय पर शैक्षणिक हस्तक्षेप और व्यक्तिगत मार्गदर्शन संभव हो पा रहा है। अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मदर-टीचर सर्कल भी गठित किए गए हैं, जिससे घर और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है।

### प्रगति का आकलन

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने डाइट मदीना के सहयोग से संचालित शिक्षक प्रशिक्षण पहलों की समीक्षा की व प्रमुख शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन किया। नींव कार्यक्रम के तहत कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों में विज्ञान विषय की दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल होमवर्क और विषय आधारित वीडियो सहायता प्रदान की जा रही है। स्टीम कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6वीं से 8वीं तक विज्ञान, गणित और कला के एकीकृत अध्ययन को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्पार्क कार्यक्रम के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक गतिविधि आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी तनुमय दत्ता, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, मदीना डाइट के प्राचार्य वीरेंद्र मलिक, एपीसी सुरेंद्र कुमार, डीएमएस दीपक अरोड़ा, खंड शिक्षा अधिकारी साधना, सुनीता चहल, जभगवान, सरिता, सुमन हुड्डा, एफएलएन रूपांशी हुड्डा, डाइट के विषय विशेषज्ञ डॉ. सतीश कुमार व वरिष्ठ प्राध्यापक रोमी कुमार, एसडीई अनिल दूहन, सलाहकार तुषार बोडवाल आदि मौजूद रहे।